BHOPAL BIRDS
Committed to Save Nature

जीवो जीवस्य जीवनम्
MADHYA PRADESH STATE BIODIVERSITY BOARD

भोपाल की प्रमुख पक्षी प्रजातियाँ

फील्ड गाईड

डॉ. संगीता राजगीर
मो. खालिक

भोपाल की प्रमुख पक्षी प्रजातियाँ

फील्ड गाईड

BHOPAL BIRDS
Committed to Save Nature

जीवो जीवस्य जीवनम्
MADHYA PRADESH STATE BIODIVERSITY BOARD

छायाचित्र
श्री शुभारंजन सेन (आई.एफ.एस.)
श्री संजय शुक्ला (आई.एफ.एस.)
डॉ. राजू कसंबे (पक्षी विशेषज्ञ)
डॉ. संजीव मंगोली (वन्यजीव फोटोग्राफर)
श्री शेखर विश्वनाथ (वन्यजीव फोटोग्राफर)
श्री अरविन्द कुमार (वन्यजीव फोटोग्राफर)
डॉ. संगीता राजगीर (पक्षी विशेषज्ञ)
मो. खालिक (पक्षी विशेषज्ञ)
श्री नन्द किशोर दूधे (प्रोग्राम ऑफिसर बी.एन.एच.एस.)
श्री अंकित चतुर्वेदी (वन्यजीव फोटोग्राफर)
श्री वेदांत कसंबे (वन्यजीव फोटोग्राफर)
श्री क्षितिज पटले (वन्यजीव फोटोग्राफर)
श्री मिर्जा अल्ताफ बेग (पक्षी विशेषज्ञ)

मुखपृष्ठ एवं पिछला पृष्ठ छायाचित्रः
अरविन्द कुमार एवं क्षितिज पटले

©2024 डॉ. संगीता राजगीर व मो. खालिक द्वारा लिखित

©2024 मध्य प्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड सर्वाधिकार सुरक्षित। इस पुस्तक के किसी भी भाग को प्रतिलिपि बनाने, रीट्राइवल सिस्टम में सुरक्षित रखने या इलेक्ट्रानिक मैकानिकल, जेराक्स, रिकार्डिंग या किसी भी अन्य माध्यमों द्वारा, किसी भी प्रकार से किसी भी रूप में प्रसारित करने के लिए मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड की पूर्वानुमति आवश्यक है, जिनके पास इनके सर्वाधिकार सुरक्षित हैं।

इमेजिनेशन, भोपाल द्वारा मुद्रित

श्री जसवंत कुशवाहा द्वारा टंकण, लिपि संपादन व पृष्ठ संकलन।

भारत में प्रकाशित

विषय सूची

पक्षी क्या है	8
पक्षियों का महत्व	8
पक्षियों का प्रवास	9
पक्षी संरक्षण	10
पक्षी दर्शन	10
भोपाल के पक्षी दर्शन क्षेत्र	11
रंगीन प्लेट्स व प्रजातियों का लेखा	16
अत्यंत कम देखी गई पक्षी प्रजातियाँ	216
संदर्भ	219
इंडेक्स (अंग्रेजी नाम)	220
लेखक के बारे में	227
दुर्लभ पक्षी (फोटो प्लेट)	228
विविध जानकारियाँ	231

संदेश

हर्ष का विषय है कि मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड के सहयोग से भोपाल बर्ड्स कंज़र्वेशन सोसाइटी द्वारा भोपाल के पक्षियों पर आधारित हिंदी में पहली फील्ड गाइड का प्रकाशन किया जा रहा है। हिंदी भाषा में पक्षियों की जानकारी उपलब्ध कराना सराहनीय पहल है।

पर्यावरण संरक्षण भारतीय संस्कृति का विशिष्ट पहलु है। हमारी संस्कृति की जीवन शैली में पर्यावरण के प्रति सजगता और आस्था पर विशेष बल दिया गया है। प्राचीन काल से ही पर्यावरण के विविध स्वरूपों पेड़, पौधों, पशु, पक्षियों की अराधना के द्वारा उनके महत्व को समझाया गया है। भोपाल में विद्यमान 300 प्रजातियों में से 200 प्रजातियों के संबंध में और 83 दुर्लभ पक्षियों की सूची सहित पुस्तक तैयार करना सराहनीय पहल है।

आशा है, हिंदी में प्रकाशित पुस्तक आमजन की पक्षियों के प्रति जागरुकता को बढ़ाएगी। पक्षियों के संरक्षण और संवर्धन के प्रति सामाजिक संचेतना को सकारात्मक बनाएगी।

शुभकामनाओं सहित



मंगुभाई पटेल
राज्यपाल, मध्यप्रदेश

संदेश

सुदीप सिंह (आई.एफ.एस.)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक
एवं सदस्य सचिव
म.प्र. राज्य जैवविविधता बोर्ड

अत्यंत हर्ष का विषय है कि भोपाल बर्ड्स कंजर्वेशन सोसायटी द्वारा मध्य प्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड के सहयोग से भोपाल के पक्षियों पर आधारित सचित्र पुस्तक ''भोपाल की प्रमुख पक्षी प्रजातियाँ'' का प्रकाशन किया जा रहा है। बोर्ड द्वारा निरंतर मध्यप्रदेश की जैवविविधता पर आधारित पुस्तकों का प्रकाशन किया जाता रहा है जिससे आमजन तक प्रदेश की समृद्ध जैवविविधता की जानकारी उपलब्ध हो सके एवं जैवविविधता संरक्षण हेतु प्रयास किये जा सकें।

प्राकृतिक दृष्टि से भोपाल मध्यप्रदेश के सबसे सुन्दर शहरों में विद्यमान है। यहाँ प्रचुर हरीतिमा के साथ विस्तृत रामसर क्षेत्र 'भोज वेटलैंड' सहित अनेक जलाशय एवं पक्षी रहवास स्थित हैं जो यहाँ की संपन्न जैवविविधता का मुख्य आधार है, जिसमे पक्षियों की लगभग 300 प्रजातियाँ पाई जाती हैं। पक्षी विविधता जैवविविधता का एक महत्वपूर्ण घटक है। पिछले दशको में तेजी से हुए शहरी विकास के कारण पक्षियों के व्यवहार में हुए परिवर्तनों का दस्तावेजीकरण करना महत्वपूर्ण हो गया है। इस पुस्तक में संस्था द्वारा विस्तृत सर्वेक्षण और पक्षी अवलोकन शिविरों के माध्यम से प्राप्त जानकारी का संकलन कर भोपाल के पक्षियों की 200 प्रजातियों का सचित्र विवरण एवं भोपाल के निकट प्रमुख पक्षी क्षेत्रों की भी जानकारी प्रदान की गयी है।

आशा है कि, यह पुस्तक प्रकृतिवादियों, पक्षी-प्रेमियों, शोधकर्ताओं एवं विद्यार्थियों के साथ-साथ बड़े समुदाय तक पक्षी विविधता की जानकारी प्रदान करने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी एवं संरक्षण हेतु विभिन्न रणनीतियाँ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेगी। मैं इस पुस्तक को तैयार करने हेतु भोपाल बर्ड्स कंजर्वेशन सोसायटी के शोधकर्ताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें देता हूँ।

शुभकामनाओं सहित

23/07/2024

सुदीप सिंह

आभार

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में लगभग 300 पक्षी प्रजातियाँ पाई जाती हैं। पिछले दो दशकों से यहाँ पक्षी दर्शन, पक्षियों पर शोध तथा बर्ड फोटोग्राफी का चलन बढ़ा है। पक्षियों के प्रति जागरूकता तथा संरक्षण का सन्देश फैलाने हेतु पक्षियों पर आधारित हिंदी भाषा में यह फील्ड गाइड तैयार की गई है। इस पुस्तक के प्रकाशन हेतु हम आभारी है मध्य प्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड के जिनके सहयोग से मध्य प्रदेश की सर्वप्रथम हिंदी भाषा में पक्षियों पर आधारित पुस्तक को तैयार किया जाना संभव हो सका।

हम आभारी है श्री वी.एन. अम्बाड़े (प्रधान मुख्य वन संरक्षक) एवं श्री सुदीप सिंह (सदस्य सचिव, म.प्र. राज्य जैवविविधता बोर्ड) के जिन्होंने इस पुस्तक के प्रकाशन हेतु सहयोग प्रदान किया।

हम आभारी हैं मध्य प्रदेश वन विभाग, मध्य प्रदेश विज्ञानं एवं प्रौद्योगिकी परिषद, मध्य प्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड, मध्य प्रदेश राज्य वेटलैंड अथॉरिटी, एप्को, वाइल्ड लाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया, बी.एन.एच.एस, डब्लू. डब्लू. एफ आदि संस्थाओं के जिनके साथ विभिन्न शोध कार्यों को करने के दौरान हम पक्षियों के आंकड़ों को एकत्र कर पाए।

हम आभारी हैं सभी वन अधिकारियों, शोधकर्ताओं एवं फोटोग्राफर्स के जिन्होंने हमारे आग्रह पर अपने बहुमूल्य फोटो इस पुस्तक के लिए प्रदान किये हैं।

हम आभारी हैं भोपाल के सभी पक्षी प्रेमियों एवं फोटोग्राफर्स के जिन्होंने समय-समय पर पक्षियों की जानकारी हमसे साझा की एवं पक्षी सूची को अपडेट करने में सहयोग प्रदान किया।

हम आभारी हैं उन सभी संस्थाओं एवं व्यक्तियों के जिन्होंने प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से इस पुस्तक को बनाने में हमें सहयोग प्रदान किया।

मो. खालिक, अध्यक्ष
भोपाल बर्ड्स कंज़र्वेशन सोसायटी

परिचय

मध्यप्रदेश पक्षी विविधता की दृष्टि से समृद्ध है एवं इसकी राजधानी भोपाल में लगभग 300 प्रकार की पक्षी प्रजातियां पाई जाती हैं जिनमे स्थानीय, संकटग्रस्त एवं प्रवासी आदि पक्षी सम्मिलित हैं जो भोपाल एवं उसके आस पास के प्राकृतिक क्षेत्रों में प्रचुरता से पाए जाते हैं। भोपाल की इन्हीं विशेषताओं के कारण यह मध्यप्रदेश की पक्षी विविधताओं का प्रतिनिधित्व करता है। पिछ्ले दशक से भोपाल सहित सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में जन समुदाय में पक्षियों के प्रति जागरूकता एवं उत्सुकता बढ़ी है एवं पक्षी संरक्षण के कार्यो एवं सहयोग में वृद्धि हुई है। आमजन को पक्षियों की विस्तृत जानकारी प्रदान करने एवं संरक्षण के प्रति उन्हें प्रेरित करने के उद्देश्य से इस पुस्तक का निर्माण किया गया है। इस पुस्तक में 200 पक्षी प्रजातियों के बारे में चित्र सहित संक्षिप्त विवरण जैसे उनके सामान्य नाम, अंग्रेजी नाम, वैज्ञानिक नाम, पहचान के लक्षण, भोजन, आवास,प्रवास तथा संकटग्रस्तता की जानकारी दी गई है। इसके साथ ही पुस्तक में पक्षियों के विषय में सामान्य जानकारी, उनके अनुकूलन, प्रकृति में महत्व के साथ भोपाल के पक्षी समृद्ध क्षेत्रों की जानकारी भी सम्मिलित है। इस पुस्तक के निर्माण का उद्देश्य इसमें निहित डेटा द्वारा पक्षियों पर शोध करने वाले शोधार्थियों को प्रारम्भिक जानकारी प्रदान करना, पक्षी संरक्षण के प्रति जनसमुदाय को जागृत करना एवं संरक्षण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है।

पक्षी क्या है ?

पक्षी वर्ग रीढ़ की हड्ड़ी वाले दो पैरों वाले पंख युक्त जीव है जो अपने उड़ने की विशिष्ट क्षमता के कारण आर्कटिक से अंटार्कटिक तक पूरे विश्व में पाए जाते हैं। यह गर्म रुधिर एवं अंडे देने वाले जीव हैं जो इन्हें रीढ़ की हड्डी वाले अन्य वर्गों मछली, मेंढक, छिपकली एवं स्तनधारियों से अलग बनाते हैं। जीवाश्म प्रमाण बताते हैं कि पक्षियों का उदविकास जुरैसिक काल में थेरोपोड डाइनोसॉर से लगभग 150 से 200 मिलियन वर्ष पूर्व हुआ था। सबसे पहला पक्षी आर्कियोप्टेरिक्स था जिसके जीवाश्म प्रमाण में पक्षियों एवं छिपकलियों के मिलेजुले लक्षण प्राप्त हुए जो छिपकलियों से पक्षियों के उदविकास को सिद्ध करता है। आधुनिक पक्षियों में पंखों से ढँका शरीर, दांतविहीन चोंच, कवच युक्त अंडे देना, उच्च मैटाबोलिक दर, चार कोष्ठिय हृदय, खोखली हड्डियों वाला मजबूत कंकाल, विशिष्ट पाचन एवं श्वशन तंत्र होता है जो इन्हें उड़ने योग्य अनुकूल बनाता है। अपने उच्च विकसित मस्तिष्क के कारण ये लंबी दूरी के प्रवास,अनूठे घोंसले बनाना व सुंदर गायन कर पाते हैं तथा तेज देखने व सुनने की क्षमता से शिकार करने व स्वयं को बचाने में सक्षम होते हैं।

पक्षियों का महत्व

पक्षियों की हमारे आसपास उपस्थिति एक स्वस्थ पर्यावरण के सूचक हैं। पक्षी हमारे प्रकृति चक्र के महत्वपूर्ण अंग हैं एवं अपनी विभिन्न क्रियाकलापों से पारिस्थितिकीय तंत्र सेवायें प्रदान करते हैं। तोते,फाख्ता जैसे पक्षी बीजों को फैलाकर एवं शक्करखोरा जैसे पक्षी फूलों का रस पीकर परागण द्वारा नये पौधों को उगने में मदद करते हैं। भुजंगा, पतरिंगा आदि कई कीटभक्षी कीटों को खाकर फसलों की सुरक्षा करते हैं। पक्षी किसानों के वफादार मित्र हैं। तीतर व बटेर खरपतवार के बीज खाकर उन्हें नष्ट करते हैं। उल्लू चूहे खाकर एवं बटेर दीमक खाकर फसलों को बचाते हैं।

गुलाबी मैना एक प्रवासी पक्षियों का झुंड टिड्डियों के दल को मिनटों में चटकर जाती हैं। पक्षियों की विष्ठा मिट्टी को उपजाऊ बनाती है।

गिद्ध जैसे पक्षी मृत जानवरों को खाकर पर्यावरण को शुद्ध करते हैं। यह जलीय पारिस्थिकीय तंत्र के उच्च उपभोक्ता हैं जो इसे नियंत्रित करते हैं। पक्षियों की गतिविधियों एवं प्रवास से भूकंप, बाढ़, जैसी प्राकृतिक आपदा एवं जलवायु परिवर्तन का पता लगाया जा सकता है।

पक्षियों का प्रवास

पक्षियों में प्रवास एक नैसर्गिक प्रक्रिया है जिसमे वे बड़ी संख्या में अपने प्रजनन स्थानों से भोजन प्राप्ति के स्थानों की और गमन करते हैं। प्रवास एक अस्थायी प्रक्रिया है जो कुछ किलोमीटर से हजारों किलोमीटर की दूरी तक होता है। यह प्रवास मौसम परिवर्तन, दैनिक, पहाड़ों से मैदानी इलाकों, उत्तर से दक्षिणी गोलार्ध की और होता है। पक्षियों के प्रवास के कई संभावित कारण हो सकते हैं जैसे उनके मूल स्थानों में भोजन की कमी, अत्यधिक ठंड ,दिन के प्रकाश की कम अवधि, हार्मोन में परिवर्तन इत्यादि।

प्रवास के पूर्व पक्षी अत्यधिक भोजन कर चर्बी एकत्रित कर लेते हैं जिससे लंबे प्रवास में भोजन की पूर्ति हो सके। पक्षी प्रवास के दौरान सूर्य, चाँद, तारे, पृथ्वी का चुम्बकीय प्रभाव एवं मार्ग के पहाड़, नदियों जैसे चिन्हों द्वारा अपनी दिशा ज्ञात कर लेते हैं। आर्कटिक टर्न, आर्कटिक से अंटार्कटिक क्षेत्र तक लगभग 70,000 किलोमीटर तय करने वाले सबसे लंबी दूरी तक प्रवास करने वाले पक्षी हैं। बारटेल्ड गॉडविट बिना रुके लगभग 10,200 किलोमीटर की दूरी मात्र 9 दिनों में पूरी कर लेते हैं। गीज जैसे पक्षी हिमालय से लगभग 29,000 फ़ीट की ऊंचाई पार कर प्रवास करते हैं। भोपाल में लगभग 100 से भी ज्यादा प्रजातियों के पक्षी हिमालय, साइबेरिया, रूस, मध्य एशिया एवं यूरोप के क्षेत्रों से ठंड में प्रवास कर आते हैं जबकि

पीलक, दूधराज, बसंथा, कोयल की प्रजातियाँ गर्मी में प्रवास करती हैं।

पक्षी संरक्षण

विश्व में पक्षियों की लगभग 10,000 प्रजातियाँ पाई जाती हैं एवं भारत में लगभग 1,300 प्रजातियाँ, मध्यप्रदेश में लगभग 450 तथा भोपाल में लगभग 300 प्रजातियों के पक्षी पाए जाते हैं परंतु मानव गतिविधियों, आवास विघटन, शिकार, अवैध व्यापार, बढ़ते प्रदूषण आदि कारणों से कई प्रजातियाँ विलुप्त हो गई हैं एवं कई विलुप्ति की कगार पर हैं।

अकेले भारत में ही 79 प्रजातियाँ संकटग्रस्त हैं। जिसमे से गुलाबी सिर बतख विलुप्त हो चुकी हैं। मध्यप्रदेश में गिद्धों की तीन अत्यंत संकटग्रस्त प्रजातियों के साथ गोण्डावन तथा खरमौर जैसे पक्षी सम्मिलित हैं। भारत में वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 लागू होने के बाद कई राष्ट्रीय उद्यान एवं अभ्यारण्यों में कई प्रजातियों को संरक्षित किया गया है जिस में राजस्थान का केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान विश्व भर में प्रसिद्ध है इसके अतिरिक्त गिध्द एवं पहाड़ी मैना जैसी विलुप्तप्रायः प्रजातियों के सरंक्षण के लिए कैप्टिविटी ब्रीडिंग कार्यक्रम चलाए जा रहें है। गोण्डावन तथा खरमौर के लिए बी.एन.एच.एस. संस्था द्वारा पुनर्वास कार्यक्रम चलाया जा रहा है तथा भारत सहित विश्व भर में महत्वपूर्ण पक्षी क्षेत्रों के सरंक्षण के लिए आई.बी.सी.एन. द्वारा आई.बी.ए. कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

पक्षी दर्शन

पक्षी दर्शन विश्व में एक लोकप्रिय शौक है यद्यपि पक्षी दर्शन के विभिन्न उद्देश्य हो सकते हैं। शौक से शुरू होने वाला पक्षी दर्शन शोध, आजीविका आदि बनकर सरंक्षण का महत्वपूर्ण कारण है। पक्षियों को देखने का उपयुक्त समय सुबह एवं शाम है। इस समय पक्षियों की अधिकांश गतिविधियाँ होती हैं। पक्षी दर्शन घर के आसपास से लेकर

किसी जलाशय, वनक्षेत्र, खेत, घास के मैदान, पहाड़ किसी भी क्षेत्र में किया जा सकता है परंतु विशिष्ट पक्षियों को देखने के लिए निर्धारित पक्षी क्षेत्रों में पक्षी दर्शन उपर्युक्त होता है। पक्षी दर्शन के लिये जाते समय प्रकृति से मिलते जुलते रंग के ढीले आरामदायक कपड़े, धूप से बचने के लिए टोपी व कँटीले रास्तों से बचने के लिए जूते अवश्य पहनने चाहिए। सफल पक्षी दर्शन हेतु पक्षियों की फील्डगाइड, नोटबुक, पेन व एक बाइनोकुलर की आवश्यकता होती है। सामान्यतः पक्षी दर्शन के लिए 7×35, 8×40 या 10×50 क्षमता के बॉयनाकुलर उपयुक्त होते हैं। पक्षियों को देखते समय उनकी शारीरिक विशेषताओं को ध्यान से देखकर फील्ड गाइड से मिलान कर पहचान, संख्या, व्यवहार एवं अन्य बातों को नोटबुक में लिखना चाहिए।

इन प्रेक्षणों के आधार पर ही किसी प्रजाति की स्थिति के बारे में पता लगाया जा सकता है। पक्षियों की आवाज के आधार पर भी उनकी उपस्थिति का पता लगाया जा सकता है। पक्षियों के नाम जानने के लिए उनके शरीर के भागों से परिचित होना आवश्यक है।

भोपाल के पक्षी दर्शन क्षेत्र

मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल का क्षेत्रफल लगभग 2772 वर्ग किमी है। अपने कई प्राकृतिक एवं कृत्रिम झीलों के कारण इसे झीलों की नगरी भी कहा जाता है। इसी कारण यह भारत के प्रमुख हरित शहरों में शामिल हैं। अपनी प्राकृतिक संपदा के कारण यहाँ लगभग 300 से भी अधिक पक्षी प्रजातियों को चिन्हित किया गया है जिसमें कई विश्व स्तर पर संकटग्रस्त तथा दुर्लभ प्रजातियाँ सम्मिलित हैं। इस पुस्तक में भोपाल के शहरी, ग्रामीण तथा सीमावर्ती प्राकृतिक क्षेत्रों में पाई जाने वाली पक्षी विविधता का संक्षिप्त विवरण देने का प्रयास किया गया है।

भोपाल के प्रमुख पक्षी दर्शन क्षेत्रः-

भोज वेटलैंड

भोपाल स्थित भोज वेटलैंड 11वीं सदी में छोटे व बड़े तालाब से मिलकर निर्मित किया गया था। इसका कुल क्षेत्रफल 31 वर्ग किमी है एवं यह मध्यप्रदेश का रामसर क्षेत्र भी है। यहां लगभग 250 प्रजाति के पक्षी पाए जाते हैं इनमें प्रवासी, जलीय, स्थलीय, दुर्लभ व संकटग्रस्त प्रजातियाँ सम्मिलित है। यहां रेड क्रेस्टेड पोचार्ड, यूरेशियन विजन, कूट जैसे पक्षी हजारों की संख्या में देखे जा सकतें हैं। सारस जैसे वल्नरेबल प्रजाति के पक्षी यहां लगभग 350 की संख्या में देखे गए हैं। पक्षी गणनाओं में यहां लगभग 50,000 से अधिक संख्या में पक्षियों की गणना की गई है। इसलिए इसे महत्वपूर्ण पक्षी क्षेत्र घोषित किया गया है।

केरवा डैम

केरवा डैम भोपाल के निकट केरवा नदी पर भोपाल शहर की जलापूर्ति के लिए बनाया गया था जिसका कैचमेंट क्षेत्र 34.5 वर्ग किमी है। यहाँ पतझड़ी वनस्पति तथा सागौन प्लांटेशन सहित कई औषधीय पादप प्रजातियां पाई जाती है। यहां पक्षियों की लगभग 100 प्रजातियों को चिन्हांकित किया गया है। डैम तथा वन क्षेत्र में प्रवासी एवं स्थानीय पक्षियों जैसे लार्ज कॉर्मोरेंट, रेड क्रेस्टेड पोचार्ड, रुडी शेल्डक, ओपनबिल स्टॉर्क, वूलीनेक स्टॉर्क, स्टॉर्कबिल किंगफिशर, रेड हेडेड वल्चर, क्रेस्टेड सरपेंट ईगल आदि प्रजातियां पाई जाती हैं। यहां रात्रिचर पक्षी प्रजातियां जैसे मॉटल्ड वुड आउल, जंगल आउलेट, सवाना नाइटजार, जंगल नाइटजार भी पाई जाती हैं।

कलियासोत डैम

कलियासोत डैम भोपाल से 12 किमी दूर बेतवा नदी की सहायक नदी कलियासोत पर सिंचाई के उद्देश्य से बनाया

गया था। कलियासोत डैम का 5.33 वर्ग किमी कैचमेंट क्षेत्र एवं आसपास के वन क्षेत्र स्थानीय एवं प्रवासी पक्षियों को देखने का अवसर प्रदान करता है। स्टॉप डैम के पास से स्विफ्ट एवं मार्टिन जैसे पक्षियों के साथ स्पॉट बिलडक, शोवेलर, कॉमन कूट, ओपन बिल स्टॉर्क, पैराडाइज फ्लाईकेचर, व्हाइट बेलीड ड्रोंगो, पाइड किंगफिशर, ट्री पाई आदि पक्षियों को देखा जा सकता है। वनविहार में रात्रि विश्राम करने वाले लार्ज कॉर्मोरेंट, ओपनबिल स्टॉर्क एवं वूलीनेक स्टॉर्क के झुंड सुबह मछली का शिकार करने कलियासोत डैम जाते हैं।

कोलार डैम

भोपाल से लगभग 40 किमी दूर स्थित कोलार डैम नर्मदा की सहायक नदी कोलार पर बनाया गया है। भोपाल शहर की 60 प्रतिशत जलापूर्ति कोलार वाटर ट्रीटमेंट प्लांट द्वारा की जाती है। डैम के पास का वनक्षेत्र एक प्रसिद्ध पिकनिक स्पॉट भी है। यहां अलेक्सेंड्रिन पैराकीट, ग्रे बेलीड कुक्कू, ब्राउन हैडेड बारबेट, कॉमन कूट, गोल्डन ओरियोल आदि पक्षियों को देखा जा सकता है।

शाहपुरा झील

शहर के बीचों बीच स्थित शाहपुरा झील भोपाल की महत्वपूर्ण झीलों में से एक है। इसका कैचमेंट क्षेत्र 8.29 वर्ग किमी है। झील के आसपास के शासकीय कार्यालयों के कैंपस की हरियाली के कारण यहां विभिन्न स्थानीय एवं प्रवासी पक्षियों को देखा जा सकता है। यहां 50 से भी ज्यादा पक्षी प्रजातियाँ जैसे लिटिल एवं लार्ज कॉर्मोरेंट, लिटिल ग्रीब, स्पॉट बिल्ड डक, ग्रे हैरॉन, पर्पल मूरहेन तथा आस-पास के कैंपस में ग्रे हॉर्नबिल, कॉपरस्मिथ बार्बेट, ट्री पाई, रोजरिंग पैराकीट, कॉमन काईट, गोल्डन ओरियोल, ग्रे हैडेड कैनरी फ्लाईकैचर आदि को देखा जा सकता है।

बिलखिरिया ग्राम (अजनाल डैम)

यह भोपाल रायसेन मार्ग पर लगभग 25 किमी दूर स्थित है। बिलखिरिया ग्राम से 8 किमी दूर अजनाल नदी के जलक्षेत्र एवं समीप के वन क्षेत्र में पक्षियों की समृद्ध विविधता पाई जाती है। यहां सारस क्रेन, पेंटेड स्टॉर्क, वूली नेक्ड स्टॉर्क, रेड क्रेस्टेड पोचार्ड, ग्रे हैरॉन, पर्पल हैरॉन, गडवाल, ब्रॉन्ज विंग्ड जकाना, थिकबिल्ड फ्लॉवरपैकर, ग्रे हॉर्नबिल सहित लगभग 90 प्रजातियों के पक्षी पाए जाते हैं।

भारतीय वन प्रबंधन संस्थान

यह पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा स्थापित प्राकृतिक संसाधन प्रशिक्षण संस्थान है। 217 एकड़ क्षेत्र में फैला यह संस्थान वनस्पति एवं जंतु विविधता में अत्यंत समृद्ध है। यहां पक्षियों की 100 से भी अधिक प्रजातियां पाई गई हैं। यहां ग्रे फ्रेंकोलिन, सिल्वर बिल्ड मुनिया, स्केली ब्रेस्टेड मुनिया, यलो आई बैबलर, ग्रे हॉर्नबिल, गोल्डन ओरियोल तथा यहां स्थित जलाशय में स्पॉटबिल्ड डक , पॉन्ड हैरोन, ग्रे हैरौन, लिटिल इग्रेट, व्हाइट ब्रेस्टेड वाटरहैन आदि पक्षी पाए जाते हैं।

वन विहार राष्ट्रीय उद्यान

लगभग 445 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला यह राष्ट्रीय उद्यान शहर के बीचों बीच स्थित है। इसे राष्ट्रीय उद्यान के अलावा चिड़िया घर एवं रेस्क्यू सेंटर का दर्जा भी प्राप्त है। भोजताल के किनारे स्थित इस राष्ट्रीय उद्यान में जलीय तथा स्थलीय लगभग 266 पक्षी प्रजातियां पाई जाती हैं। यहां यूरोप, रूस, साइबेरिया, मध्य एशिया, हिमालय, से लगभग 100 से भी अधिक प्रजातियों के प्रवासी पक्षी आते हैं। यहां क्रेस्टेड बंटिंग, रेड मुनिया, बया वीवर, लिटिल कॉर्मोरैंट, लार्ज कॉर्मोरेंट, ग्लॉसी आइबिस, पेंटेड स्टार्क, ग्रे हैरौन, कॉमन कूट, कॉमन मूरहैन, ग्रे हॉर्न बिल, पाइड किंगफिशर, यूरेशियन रायनेक आदि पक्षी पाए जाते हैं।

लहारपुरा इकोलॉजिकल पार्क

भोपाल के कटारा हिल्स क्षेत्र में बना लहारपुरा इकोलॉजिकल पार्क 1,750 एकड़ क्षेत्र में शहरी जंगल की तरह विकसित किया गया है। यहां पथरीली पहाड़ी क्षेत्र में वन विभाग द्वारा अथक प्रयासों से नीम, पीपल, बरगद, पलाश, हर्रा, बहेड़ा आदि वृक्ष प्रजातियों को रोपित किया गया है। यहां 29.53 वर्ग किमी में वर्षा जल को संग्रहित करने के उद्देश्य से डैम भी है। यहां सारस क्रेन, व्हाइट थ्रोटेड किंगफिशर, लिटिल कॉर्मोरैंट, ट्री पाई, ब्लैक काईट, जैकोबिन कुक्कू आदि पक्षी प्रजातियां पाई जाती हैं।

हथाई खेड़ा डैम

यह डैम भेल क्षेत्र से लगभग 5 किमी दूर सिंचाई हेतु बनाया गया था परंतु इसका उपयोग गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र एवं मछली पालन के लिए भी किया जा रहा है। इसका कैचमेंट क्षेत्र 36.90 वर्ग किमी है। यहां हजारों की संख्या में प्रवासी पक्षियों जैसे गडवाल, पिनटेल, शोवलर, कॉमन पोचार्ड, ब्लैक स्टॉर्क, ब्लैक हैडेड आइबिस, ब्लैक नेक्ड स्टॉर्क एवं व्हाइट स्टॉर्क को देखा गया है।

स्वर्ण जयंती जैवविविधता पार्क

भोपाल शहर के कोलार रोड स्थित चूनाभट्टी क्षेत्र में 120 एकड़ क्षेत्र में फैला राजधानी परियोजना द्वारा निर्मित यह पार्क जैवविविधता की दृष्टि से समृद्ध है। यहां वन्यवृक्ष प्रजातियों सहित कई पक्षी प्रजातियां पाई जाती हैं। यहां लगभग 80 पक्षी प्रजातियों को चिन्हांकित किया गया है। यहां राज्य पक्षी दूधराज सहित व्हाइट थ्रोटेड किंगफिशर, ग्रे हैडेड केनरी फ्लाईकैचर, व्हाइट ब्रोड फैनटेल, गोल्डन ओरियोल, स्मॉल मिनिवेट आदि पक्षियों को देखा जा सकता है।

Mohd-Khalique

Lesser Whistling-duck

सामान्य नाम	छोटी सिल्ही
वैज्ञानिक नाम	*Dendrocygna javanica*
अंग्रेजी नाम	लैसर विसलिंग डक
आकार	42 से.मी.
पहचान के लक्षण	यह हल्के भूरे रंग की होती है, इसके पीठ का रंग गहरा भूरा होता है,उड़ते समय सीटी की तरह आवाज निकाल कर उड़ती हैं
आवास	नमभूमि, मुख्यतः तालाब के आस-पास
भोजन आदत	घोंघे, मेंढक और मछली तथा धान, हरी कोपलें आदि
घोंसला	पेड़ की खोह में
प्रवास की स्थिति	स्थानीय
संरक्षण स्थिति	LC



Shekhar Vishvanath

Red-crested Pochard

सामान्य नाम	लालसिर
वैज्ञानिक नाम	*Netta rufina*
अंग्रेजी नाम	रेड क्रेस्टेड पोचार्ड
आकार	54 से.मी.
पहचान के लक्षण	सामान्य आकार की बत्तख, नर में सुनहरा नारंगी सिर तथा लाल चोंच होती है
आवास	जलीय पौधे युक्त बड़े जलाशय
भोजन आदत	जलीय पौधे, कीड़े, मोलस्क आदि
घोंसला	जलीय वनस्पति से बने हुए घोंसले
प्रवास की स्थिति	प्रवासी
संरक्षण स्थिति	LC



Indian Spot-billed Duck

सामान्य नाम	गुगरल बत्तख
वैज्ञानिक नाम	*Anas poecilorhyncha*
अंग्रेजी नाम	इंडियन स्पॉट बिल्ड डक
आकार	63 से.मी.
पहचान के लक्षण	चितकबरी सिलेटी बत्तख, चोंच पर पीला धब्बा, पँखों पर सफेद और हरे रंग की पट्टी होती है
आवास	तालाब, बाँध और नमभूमि क्षेत्र
भोजन आदत	बीज, घास, अनाज और जलीय कीट
घोंसला	घास के जमीनी घोंसले पानी के आस पास
प्रवास की स्थिति	स्थानीय
संरक्षण स्थिति	LC

Dr.Raju Kasambe

Knob-billed Duck

सामान्य नाम	नकटा
वैज्ञानिक नाम	*Sarkidiornis melanotos*
अंग्रेजी नाम	कॉम्ब डक, नॉब बिल्ड डक
आकार	76 से.मी.
पहचान के लक्षण	सिर और गला सफेद, ऊपर के पँख चमकीले बैगनी, हरे और ताम्बे के रंग के नर में प्रजनन के समय चोंच पर बड़ा कंघे जैसा आकार
आवास	तालाब तथा दलदली नमभूमि
भोजन आदत	अनाज, जड़ें, धान और अन्य सब्जियाँ
घोंसला	घास, टहनियों और पँखों से घोंसले बनाते हैं
प्रवास की स्थिति	स्थानीय प्रवासी
संरक्षण स्थिति	LC

Kshitij Patle

Ruddy Shelduck

सामान्य नाम	सुर्खाब
वैज्ञानिक नाम	*Tadorna ferruginea*
अंग्रेजी नाम	रूडी शेल्डक
आकार	67 से.मी.
पहचान के लक्षण	नारंगी कत्थई रंग की बड़ी बत्तख, सफेद सिर, काली पूंछ, प्रजनन काल के दौरान नर के गले पर काली पट्टी
आवास	तालाब, जलाशय, गांव के पोखर और नदियां
भोजन आदत	घोंघे, जलीय कीट, मछली तथा सरीसृप
घोंसला	पेड़ की खोह, पानी के किनारे रेतीली जमीन पर
प्रवास की स्थिति	प्रवासी
संरक्षण स्थिति	LC



Mohd-Khalique

Cotton Teal

सामान्य नाम	गिर्री बत्तख
वैज्ञानिक नाम	*Nettapus coromandelianus*
अंग्रेजी नाम	कॉटन टील
आकार	37 से.मी.
पहचान के लक्षण	छोटे आकार की बत्तख, ऊपर के पँख चमकदार काले तथा सफेद पट्टी लिए हुए
आवास	तालाब, पोखर तथा दलदली नमभूमि
भोजन आदत	जलीय पौधे, कीट तथा घोंघे
घोंसला	पानी के आस पास पेड़ की खोह में
प्रवास की स्थिति	स्थानीय
संरक्षण स्थिति	LC



Mohd-Khalique

Gadwall

सामान्य नाम	बेखुर बत्तख
वैज्ञानिक नाम	*Mareca strepera*
अंग्रेजी नाम	गडवाल
आकार	43 से.मी.
पहचान के लक्षण	नर की चोंच सिलेटी, पेट सफेद तथा मादा का रंग हल्का कत्थई होता है
आवास	तालाब, पोखर तथा दलदली नमभूमि
भोजन आदत	जलीय पौधे
घोंसला	जमीनी घोंसले
प्रवास की स्थिति	प्रवासी
संरक्षण स्थिति	LC

Mohd-Khalique

Eurasian Wigeon

सामान्य नाम	पियासन बत्तख
वैज्ञानिक नाम	*Mareca penelope*
अंग्रेजी नाम	यूरेशियन विजन
आकार	51 से.मी.
पहचान के लक्षण	गहरा कत्थई सिर, सिलेटी रँग की चोंच
आवास	तालाब, नदियाँ एवं दलदली नमभूमि
भोजन आदत	घास की जड़ें, जलीय पौधे और जंतु
घोंसला	जमीनी घोंसले
प्रवास की स्थिति	प्रवासी
संरक्षण स्थिति	LC

Mohd-Khalique

Garganey

सामान्य नाम	चैता
वैज्ञानिक नाम	*Spatula querquedula*
अंग्रेजी नाम	गार्गेनी
आकार	41 से.मी.
पहचान के लक्षण	नर में सफेद भौंह, सफेद कत्थई धब्बेदार छाती होती है
आवास	तालाब, नदियाँ तथा बांध
भोजन आदत	जलीय पौधे, घास तथा जलीय जन्तु
घोंसला	घास के जमीनी घोंसले पानी के आस पास
प्रवास की स्थिति	प्रवासी
संरक्षण स्थिति	LC

Dr. Sangeeta Rajgir

Common Teal

सामान्य नाम	छोटी मुर्गाबी
वैज्ञानिक नाम	*Anas Crecca*
अंग्रेजी नाम	कॉमन टील
आकार	38 से.मी.
पहचान के लक्षण	नर में कत्थई सर, आँखों के पास हरा रंग, मादा हल्की भूरी रंग की होती है
आवास	तालाब, पोखर और बाँध
भोजन आदत	जलीय पौधे, जड़ें और अनाज
घोंसला	घास के जमीनी घोंसले पानी के आस पास
प्रवास की स्थिति	प्रवासी
संरक्षण स्थिति	LC

Dr.Raju Kasambe

Common Pochard

सामान्य नाम	लाल सर बत्तख
वैज्ञानिक नाम	*Aythya ferina*
अंग्रेजी नाम	कॉमन पोचार्ड
आकार	49 से.मी.
पहचान के लक्षण	नर का सिर कत्थई लाल रंग का, लाल ऑंखें, सिलेटी पीठ, मादा हल्की कत्थई रंग की होती है
आवास	तालाब, बाँध और नदी
भोजन आदत	जलीय पौधे एवं कीट
घोंसला	घास के जमीनी घोंसले पानी के आस पास
प्रवास की स्थिति	प्रवासी
संरक्षण स्थिति	VU

Dr.Raju Kasambe

Ferruginous Duck

सामान्य नाम	कुर्चिया बत्तख
वैज्ञानिक नाम	*Aythya nyroca*
अंग्रेजी नाम	फेरूजिनस डक
आकार	42 से.मी.
पहचान के लक्षण	नर चमकीले कत्थई रंग का, सफेद पेट, ऑंखें सफेद रंग की होती हैं
आवास	बड़े तालाब, बाँध तथा सिंचाई हेतु बनाये गए टैंक
भोजन आदत	सब्जी, कीट, छोटी मछलियाँ तथा घोंघे आदि
घोंसला	घास के जमीनी घोंसले पानी के आस पास
प्रवास की स्थिति	प्रवासी
संरक्षण स्थिति	NT



Mohd-Khalique

Northern Shoveler

सामान्य नाम	तिदारी बत्तख
वैज्ञानिक नाम	*Spatula clypeata*
अंग्रेजी नाम	नार्दन शॉवलर
आकार	52 से.मी.
पहचान के लक्षण	बड़ी खुरपी जैसी चोंच, नर का सिर हरा रंग का, सफेद छाती, पीली आँख, मादा हल्की भूरे रंग की होती है
आवास	तालाब तथा बांध
भोजन आदत	जलीय जन्तु
घोंसला	घास के जमीनी घोंसले पानी के आस पास
प्रवास की स्थिति	प्रवासी
संरक्षण स्थिति	LC

Mohd-Khalique

Northern Pintail

सामान्य नाम	सींख पर
वैज्ञानिक नाम	*Anas acuta*
अंग्रेजी नाम	नार्दन पिनटेल
आकार	56 से.मी.
पहचान के लक्षण	पूँछ का पर सींख जैसा, नर का सिर कत्थई, लम्बी काली और सिलेटी चोंच, मादा में सींख जैसे पर नहीं पाए जाते हैं
आवास	तालाब तथा लैगून
भोजन आदत	जलीय पौधे, बीज, अनाज तथा जलीय कीड़े
घोंसला	घास के जमीनी घोंसले
प्रवास की स्थिति	प्रवासी
संरक्षण स्थिति	LC

Dr.Raju Kasambe

Bar-headed Goose

सामान्य नाम	सरपट्टी स्वान
वैज्ञानिक नाम	*Anser indicus*
अंग्रेजी नाम	बार हेडेड गूज
आकार	76 से.मी.
पहचान के लक्षण	सफेद सिर, हल्का सिलेटी रंग तथा माथे पर दो काली पट्टियाँ
आवास	तालाब, नदियाँ तथा जलाशय
भोजन आदत	घास की जड़ें, अनाज तथा जलीय पौधे
घोंसला	जमीनीं घोंसले
प्रवास की स्थिति	प्रवासी
संरक्षण स्थिति	VU

Arvind Kumar

Greylag Goose

सामान्य नाम	सिलेटी स्वान
वैज्ञानिक नाम	*Anser anser*
अंग्रेजी नाम	ग्रे लेग गूज
आकार	81 से.मी.
पहचान के लक्षण	सिलेटी रंग का शरीर, चोंच तथा पैर का रंग गुलाबी
आवास	नदी, जलाशयों, नमभूमि के समीप खेतों में
भोजन आदत	घास की जड़ें, अनाज, जलीय पौधे, उभयचर आदि
घोंसला	जमीनी घोंसले
प्रवास की स्थिति	प्रवासी
संरक्षण स्थिति	LC



Dr. Sangeeta Rajgir

Little Grebe

सामान्य नाम	पनडुब्बी
वैज्ञानिक नाम	*Tachybaptus ruficollis*
अंग्रेजी नाम	लिटिल ग्रीब
आकार	29 से.मी.
पहचान के लक्षण	नर एवं मादा एक जैसे, शरीर का ऊपरी भाग गहरा कत्थई, सफेद पेट, प्रजनन के समय नर के गाल और गर्दन पर गेरुआ रंग और चोंच के अगले हिस्से पर पीला धब्बा होता है
आवास	पोखर, तालाब, छोटे जलीय क्षेत्र
भोजन आदत	जलीय कीट, लार्वा, मेंढक
घोंसला	जलीय वनस्पति से बने घोंसले पानी के पास
प्रवास की स्थिति	स्थानीय
संरक्षण स्थिति	LC

Dr.Sangeeta Rajgir

Common Kingfisher

सामान्य नाम	छोटा किलकिला
वैज्ञानिक नाम	*Alcedo atthis*
अंग्रेजी नाम	स्माल ब्लू किंगफिशर, कॉमन किंगफिशर
आकार	16 से.मी.
पहचान के लक्षण	सिर व पीठ नीले हरे तथा निचला हिस्सा नारंगी रंग का, चोंच सिलेटी आधार में चौड़ी
आवास	नदी, तालाब, झील के समीप
भोजन आदत	छोटी मछली व जलीय कीट
घोंसला	सुरंगनुमा घोंसले
प्रवास की स्थिति	स्थानीय
संरक्षण स्थिति	LC

Mohd-Khalique

White-throated Kingfisher

सामान्य नाम	सफेद छाती किलकिला
वैज्ञानिक नाम	*Halcyon smyrnensis*
अंग्रेजी नाम	व्हाइट थ्रोटेड किंगफिशर, व्हाइट ब्रेस्टेड किंगफिशर
आकार	28 से.मी.
पहचान के लक्षण	सिर गर्दन व शरीर कत्थई रंग का,पंख व पूंछ चमकीले नीले तथा छाती पर सफेद रंग, चोंच लाल
आवास	नदी, तालाब, पोखर के समीप
भोजन आदत	मछली, कीट, चूहे, छिपकली आदि।
घोंसला	सुरंगनुमा घोंसले
प्रवास की स्थिति	स्थानीय
संरक्षण स्थिति	LC

Mohd-Khalique

Pied kingfisher

सामान्य नाम	कोरिल्ला किलकिला
वैज्ञानिक नाम	*Ceryle rudis*
अंग्रेजी नाम	पाइड किंगफिशर
आकार	25 से.मी.
पहचान के लक्षण	काले सफेद रंग के भालेनुमा चौंच के पक्षी, आँखों पर काली पट्टी, चौंच व पूंछ काली, हल्की कलगी
आवास	बहते पानी के स्त्रोत
भोजन आदत	मछली व कीट
घोंसला	नदी किनारे सुरंगनुमा घोंसले
प्रवास की स्थिति	स्थानीय
संरक्षण स्थिति	LC

Dr.Raju Kasambe

Yellow-wattled Lapwing

सामान्य नाम	जर्द टिटहरी
वैज्ञानिक नाम	*Vanellus malabaricus*
अंग्रेजी नाम	येलो वॉटल्ड लेपविंग
आकार	28 से.मी.
पहचान के लक्षण	भूरे रेतीले रंग का ऊपरी भाग, सफेद पेट, चोंच के पास पीला मूँछ जैसा निशान, पीले पैर होते हैं
आवास	खेत, खुले मैदान, पानी के क्षेत्र आदि
भोजन आदत	कीट, घोंघे आदि
घोंसला	जमीनी घोंसले
प्रवास की स्थिति	स्थानीय
संरक्षण स्थिति	LC

Mohd-Khalique

Red-wattled Lapwing

सामान्य नाम	शरारी टिटहरी
वैज्ञानिक नाम	*Vanellus indicus*
अंग्रेजी नाम	रेड वॉटल्ड लेपविंग
आकार	35से.मी.
पहचान के लक्षण	ऊपरी भाग हल्का कत्थई, पेट सफेद, काली छाती, आँखों के पास लाल निशान, पीले पैर होते हैं
आवास	खुले मैदान, सिंचाई वाले खेत, पानी के किनारे
भोजन आदत	कीट, घोंघे आदि
घोंसला	जमीनी घोंसले
प्रवास की स्थिति	स्थानीय
संरक्षण स्थिति	LC

Dr.Raju Kasambe

Indian Thick-knee

सामान्य नाम	करवानक
वैज्ञानिक नाम	*Burhinus indicus*
अंग्रेजी नाम	इंडियन थिकनी
आकार	39 से.मी.
पहचान के लक्षण	बड़ी आंखों वाले गहरी काली धारियों वाले भूरे पक्षी, पीले मोटे घुटने वाले पैर
आवास	हल्के पर्णपाती वन, पथरीली जमीन आदि
भोजन आदत	कीट, केंचुए, छोटे सरीसृप आदि
घोंसला	जमीनी घोंसले
प्रवास की स्थिति	स्थानीय
संरक्षण स्थिति	LC

Kshitij Patle

Sarus Crane

सामान्य नाम	सारस
वैज्ञानिक नाम	*Grus antigone*
अंग्रेजी नाम	सारस क्रेन
आकार	156 से.मी.
पहचान के लक्षण	विश्व का सबसे बड़ा उड़ने वाला पक्षी, सिलेटी शरीर, गुलाबी पैर, लम्बी चोंच, वयस्क में सिर और गर्दन का ऊपरी हिस्सा लाल रंग का
आवास	दलदली भूमि, तालाब, खेत आदि
भोजन आदत	अनाज, कीट, सरीसृप आदि
घोंसला	जलीय वनस्पति से बने हुए तैरते घोंसले
प्रवास की स्थिति	स्थानीय
संरक्षण स्थिति	VU

Mohd-Khalique

Asian Openbill-Stork

सामान्य नाम	घोंघिल
वैज्ञानिक नाम	*Anastomus oscitans*
अंग्रेजी नाम	एशियन ओपनबिल स्टॉर्क
आकार	68 से.मी.
पहचान के लक्षण	चोंच के बीच खाली जगह, सिलेटी रंग, पीछे के पंख और पूंछ काले रंग की होती है
आवास	तालाब तथा दलदली क्षेत्र
भोजन आदत	घोंघे, मछली, केकड़ा तथा बड़े कीट
घोंसला	टहनियों से बने बड़े घोंसले
प्रवास की स्थिति	स्थानीय
संरक्षण स्थिति	LC

Dr. Sanjeev Mangoli

Black Stork

सामान्य नाम	सुरमल
वैज्ञानिक नाम	*Ciconia nigra*
अंग्रेजी नाम	ब्लैक स्टॉर्क
आकार	100 से.मी.
पहचान के लक्षण	सिर व गर्दन पर चमकीला काला रंग, पेट सफेद, चोंच तथा पैर लाल होते हैं
आवास	तालाब, नदी तथा दलदली क्षेत्र
भोजन आदत	मछली, मेंढक, केकड़ा, बड़े कीट, पक्षियों के बच्चे आदि
घोंसला	टहनियों से बने बड़े घोंसले
प्रवास की स्थिति	प्रवासी
संरक्षण स्थिति	LC

Kshitij Patle

Woolly-necked Stork

सामान्य नाम	हाजी लगलग
वैज्ञानिक नाम	*Ciconia episcopus*
अंग्रेजी नाम	वूली नेक्ड स्टॉर्क
आकार	92 से.मी.
पहचान के लक्षण	चमकीला काला रंग, गर्दन पर ऊन जैसे सफेद पर, चोंच काली और लाल रंग की होती है
आवास	दलदली भूमि, खेत, जलीय घास के क्षेत्र
भोजन आदत	मछली, मेंढक, घोंघे, बड़े कीट आदि
घोंसला	टहनियों से बने बड़े घोंसले
प्रवास की स्थिति	स्थानीय
संरक्षण स्थिति	VU

Mohd-Khalique

Painted Stork

सामान्य नाम	जाँघिल
वैज्ञानिक नाम	*Mycteria leucocephala*
अंग्रेजी नाम	पेंटेड स्टॉर्क
आकार	100 से.मी.
पहचान के लक्षण	गुलाबी पैर, पीले रंग की आगे की ओर मुड़ी हुई भारी चोंच, सिर नारँगी रंग का, पीछे के पंख गुलाबी रंग के होते हैं
आवास	दलदली क्षेत्र
भोजन आदत	मछली, मेंढक, सरीसृप और घोंघे आदि
घोंसला	टहनियों से बने बड़े घोंसले
प्रवास की स्थिति	स्थानीय प्रवासी
संरक्षण स्थिति	NT

Mohd-Khalique

Black-necked Stork

सामान्य नाम	लोहारजंग
वैज्ञानिक नाम	*Ephippiorhynchus asiaticus*
अंग्रेजी नाम	ब्लैक नेक्ड स्टॉर्क
आकार	150 से.मी.
पहचान के लक्षण	काले सिर व गर्दन वाले पक्षी, सफेद पीठ व पेट, लाल पैर, मादा की आँख की पुतली पीली
आवास	खेतों, जलाशयों के समीप
भोजन आदत	जलीय जन्तु, छिपकली और सर्प
घोंसला	बड़े पेड़ों पर टहनियों के बने हुए
प्रवास की स्थिति	प्रवासी
संरक्षण स्थिति	NT

Dr.Raju Kasambe

Glossy Ibis

सामान्य नाम	कौआरी बुज्जा
वैज्ञानिक नाम	*Plegadis falcinellus*
अंग्रेजी नाम	ग्लॉसी आइबिस
आकार	65 से.मी.
पहचान के लक्षण	चोंच आगे की ओर मुड़ी हुई, प्रजनन के दौरान नर का रंग कत्थई, पँख तथा पूंछ पर चमकीला बैगनी और हरा रँग
आवास	बड़े तालाब, नदी के किनारे तथा चावल के खेत
भोजन आदत	घोंघे, सीप तथा कीट आदि
घोंसला	टहनियों के बड़े घोंसले
प्रवास की स्थिति	स्थानीय
संरक्षण स्थिति	LC

Black-headed Ibis

सामान्य नाम	सफेद बुज्जा
वैज्ञानिक नाम	*Threskiornis melanocephalus*
अंग्रेजी नाम	ब्लैक हैडेड आइबिस
आकार	75 से.मी.
पहचान के लक्षण	सफेद शरीर, चोंच, सिर व गर्दन काले रंग के, पंखों के नीचे लाल निशान होता है
आवास	तालाब, नदी, पोखर आदि
भोजन आदत	मेंढक, कीट, घोंघें आदि
घोंसला	टहनियों के बड़े घोंसले
प्रवास की स्थिति	स्थानीय प्रवासी
संरक्षण स्थिति	NT

Mohd-Khalique

Red-naped Ibis

सामान्य नाम	काला बुज्जा
वैज्ञानिक नाम	*Pseudibis papillosa*
अंग्रेजी नाम	रेड नैप्ड आइबिस
आकार	68 से.मी.
पहचान के लक्षण	काले रंग का बड़ा पक्षी, सिर पर लाल धब्बा, चोंच लम्बी आगे की ओर मुड़ी हुई, आँखें लाल रंग की, पँखों के नीचे सफेद निशान होता है
आवास	तालाब और दलदली भूमि के किनारे, नदी, खेत, घास के मैदान
भोजन आदत	कीट, अनाज और छोटे सरीसृप
घोंसला	टहनियों के बड़े घोंसले
प्रवास की स्थिति	स्थानीय प्रवासी
संरक्षण स्थिति	LC

Mohd-Khalique

Eurasian Spoonbill

सामान्य नाम	चमचा
वैज्ञानिक नाम	*Platalea leucorodia*
अंग्रेजी नाम	यूरेशियन स्पूनबिल
आकार	90 से.मी.
पहचान के लक्षण	चम्मच जैसी लम्बी काली चोंच अंत में पीला निशान, शरीर सफेद, काले पैर, वयस्क नर में सिर पर चोटी, प्रजनन के समय छाती पर पीला निशान और गर्दन पर नारंगी धब्बा
आवास	दलदली नम भूमि, तालाब तथा नदियों के किनारे
भोजन आदत	मेंढक, कीट, घोंघे आदि
घोंसला	टहनियों के बड़े घोंसले
प्रवास की स्थिति	स्थानीय प्रवासी
संरक्षण स्थिति	LC

Dr.Raju Kasambe

Striated Heron

सामान्य नाम	कंचा बगुला
वैज्ञानिक नाम	*Butorides striata*
अंग्रेजी नाम	स्ट्रिएटेड हेरॉन
आकार	48 से.मी.
पहचान के लक्षण	नर में पंखों पर गहरा हरा और सिलेटी रंग, पेट सिलेटी रंग का, चमकीले काले रंग की चोटी
आवास	तालाब, पानी के झरने, दलदल आदि
भोजन आदत	मछली, केकड़े और झींगे
घोंसला	टहनियों के घोंसले
प्रवास की स्थिति	स्थानीय प्रवासी
संरक्षण स्थिति	LC

Mohd-Khalique

Purple Heron

सामान्य नाम	लाल अंजन
वैज्ञानिक नाम	*Ardea purpurea*
अंग्रेजी नाम	पर्पल हेरॉन
आकार	90 से.मी.
पहचान के लक्षण	साँप जैसी लम्बी गर्दन, वयस्क में कत्थई सिर और गर्दन काली पट्टियों के साथ, पंखों का रंग नीला सिलेटी होता है
आवास	तालाब, दलदली भूमि तथा नदियाँ
भोजन आदत	मछली, मेंढक, साँप आदि
घोंसला	टहनियों के घोंसले
प्रवास की स्थिति	स्थानीय
संरक्षण स्थिति	LC

Kshitij Patle

Black-crowned Night Heron

सामान्य नाम	वाक बगुला
वैज्ञानिक नाम	*Nycticorax nycticorax*
अंग्रेजी नाम	ब्लैक क्राउन नाईट हेरॉन
आकार	65 से.मी.
पहचान के लक्षण	छोटे पैर और गर्दन, नर में सफेद चोटी, सिलेटी पंख और सफेद पेट, लाल ऑंखें
आवास	तालाब, दलदल आदि
भोजन आदत	केकड़े, मछली, मेंढक तथा जलीय कीट
घोंसला	टहनियों के घोंसले
प्रवास की स्थिति	स्थानीय
संरक्षण स्थिति	LC

Mohd-Khalique

Indian Pond Heron

सामान्य नाम	अँधा बगुला
वैज्ञानिक नाम	*Ardeola grayii*
अंग्रेजी नाम	इंडियन पाँड हेरॉन
आकार	45 से.मी.
पहचान के लक्षण	ठहरे हुए पानी के सामान्य बगुले, छोटी गर्दन, सफेद पेट, सिर और पेट पर धारियाँ, प्रजनन के दौरान नर के सिर और गर्दन पीले रंग के, हरे पीले पैर होते हैं
आवास	नदियाँ, तालाब, चावल के खेत, अन्य नमभूमि क्षेत्र
भोजन आदत	मेंढक, मछली, केकड़ा और कीट
घोंसला	टहनियों के घोंसले
प्रवास की स्थिति	स्थानीय
संरक्षण स्थिति	LC

Dr.Raju Kasambe

Grey Heron

सामान्य नाम	नारी अंजन
वैज्ञानिक नाम	*Ardea cinerea*
अंग्रेजी नाम	ग्रे हेरॉन
आकार	98 से.मी.
पहचान के लक्षण	सिलेटी रंग के बगुले, पीली चोंच, वयस्क में काली रंग की चोटी, काला पेट होता है
आवास	तालाब, नदी, पोखर आदि
भोजन आदत	मछली, मेंढक और जलीय जन्तु
घोंसला	टहनियों के घोंसले
प्रवास की स्थिति	प्रवासी
संरक्षण स्थिति	LC

Mohd-Khalique

Little egret

सामान्य नाम	छोटा बगुला
वैज्ञानिक नाम	*Egretta garzetta*
अंग्रेजी नाम	लिटिल इग्रेट
आकार	65 से.मी.
पहचान के लक्षण	सफेद शरीर, काली चोंच, लम्बे काले पैर तथा पीले पँजे, प्रजनन काल में सिर पर चोटी होती है
आवास	तालाब, नदियाँ, दलदली भूमि तथा चावल के खेत आदि
भोजन आदत	कीट, मेंढक , मछलियाँ तथा छोटे सरीसृप
घोंसला	टहनियों के घोंसले
प्रवास की स्थिति	स्थानीय
संरक्षण स्थिति	LC

Dr.Raju Kasambe

Cattle Egret

सामान्य नाम	गाय बगुला
वैज्ञानिक नाम	*Bubulcus ibis*
अंग्रेजी नाम	कैटल इग्रेट
आकार	53 से.मी.
पहचान के लक्षण	सफेद शरीर, प्रजनन काल में सिर तथा गर्दन सुनहरे नारंगी रंग के होते हैं
आवास	दलदली भूमि, खेत, तालाब, पोखर, घास के मैदान तथा मवेशियों के आस पास
भोजन आदत	टिड्डे, मक्खियाँ, सरीसृप, सिकाडा और अन्य कीट
घोंसला	टहनियों के घोंसले
प्रवास की स्थिति	स्थानीय
संरक्षण स्थिति	LC

Dr.Raju Kasambe

Great Egret

सामान्य नाम	बड़ा बगुला
वैज्ञानिक नाम	*Ardea alba*
अंग्रेजी नाम	ग्रेट इग्रेट
आकार	102 से.मी.
पहचान के लक्षण	बड़ा सफेद पक्षी, लम्बी पीली चोंच और पतली गर्दन, प्रजनन के समय काली चौंच होती है
आवास	तालाब, दलदली भूमि, नदियाँ आदि
भोजन आदत	मछलियाँ तथा मेंढक आदि
घोंसला	टहनियों के घोंसले
प्रवास की स्थिति	स्थानीय
संरक्षण स्थिति	LC

Dr.Raju Kasambe

Intermediate Egret

सामान्य नाम	कर्छिया बगुला
वैज्ञानिक नाम	*Ardea intermedia*
अंग्रेजी नाम	इंटरमीडिएट इग्रेट
आकार	72 से.मी.
पहचान के लक्षण	मझोले आकार का बगुला, सफेद शरीर, पीली चोंच पर आगे की ओर काला निशान, काले पैर होते हैं
आवास	तालाब, दलदली भूमि, पोखर आदि
भोजन आदत	मछली, मेंढक आदि
घोंसला	टहनियों के घोंसले
प्रवास की स्थिति	स्थानीय
संरक्षण स्थिति	LC

Little Cormorant

सामान्य नाम	छोटा पनकौआ
वैज्ञानिक नाम	*Microcarbo niger*
अंग्रेजी नाम	लिटिल कोर्मोरेंट
आकार	51 से.मी.
पहचान के लक्षण	काला छोटा पक्षी, चौंच नुकीली आगे की ओर हुक जैसी, प्रजनन के समय सिर और गर्दन पर सफेद निशान होता है
आवास	तालाब, बाँध, पोखर आदि
भोजन आदत	मछली
घोंसला	टहनियों के घोंसले
प्रवास की स्थिति	स्थानीय
संरक्षण स्थिति	LC

Kshitij Patle

Great Cormorant

सामान्य नाम	बड़ा पनकौआ
वैज्ञानिक नाम	*Phalacrocorax carbo*
अंग्रेजी नाम	ग्रेट कोर्मोरेंट
आकार	100 से.मी.
पहचान के लक्षण	काले रंग के बड़े आकार के पनकौए चोंच हुकनुमा तथा गर्दन पर पीला धब्बा, प्रजननकाल में वयस्कों के गर्दन व जांघों पर सफेद धब्बे हो जाते हैं
आवास	मीठे पानी के तालाब, झीलें तथा पानी के स्रोत
भोजन आदत	बड़े आकार की मछलियाँ एवं जलीय जंतु
घोंसला	टहनियों के प्लेटफार्म घोंसले
प्रवास की स्थिति	प्रवासी
संरक्षण स्थिति	LC

Mohd-Khalique

Oriental Darter

सामान्य नाम	बानवे / सर्पपक्षी
वैज्ञानिक नाम	*Anhinga melanogaster*
अंग्रेजी नाम	ओरियेन्टल डार्टर
आकार	97 से.मी.
पहचान के लक्षण	काला शरीर, साँप जैसी लम्बी गर्दन, प्रजनन के समय सिर पर कत्थई रंग और गर्दन पर सफेद धारियाँ होती हैं
आवास	तालाब और बाँध
भोजन आदत	मछलियाँ और उभयचर
घोंसला	टहनियों के घोंसले
प्रवास की स्थिति	प्रवासी
संरक्षण स्थिति	NT

Kshitij Patle

Common Coot

सामान्य नाम	टिकड़ी
वैज्ञानिक नाम	*Fulica atra*
अंग्रेजी नाम	कॉमन कूट
आकार	38 से.मी.
पहचान के लक्षण	काला सिलेटी शरीर, पूँछ विहीन पक्षी, सफेद चोंच
आवास	तालाब, बाँध तथा छोटे जलीय क्षेत्र
भोजन आदत	कीट तथा जलीय वनस्पति
घोंसला	जलीय वनस्पति से बने तैरते हुए घोंसले
प्रवास की स्तिथि	प्रवासी
संरक्षण स्थिति	LC

White-breasted Waterhen

सामान्य नाम	सफेद छाती जलमुर्गी
वैज्ञानिक नाम	*Amaurornis phoenicurus*
अंग्रेजी नाम	व्हाइट ब्रेस्टेड वाटरहैन
आकार	32 से.मी.
पहचान के लक्षण	सिलेटी भूरे रंग का पक्षी, मुँह और छाती का भाग सफेद रंग का, कत्थई पूँछ और पीले पैर होते हैं
आवास	तालाब, पोखर तथा पानी के पास वनस्पतियों में पाये जाते हैं
भोजन आदत	कीट, घोंघे, जलीय वनस्पति आदि
घोंसला	कपनुमा छोटे जलीय वनस्पति पर घास से बने घोंसले
प्रवास की स्थिति	स्थानीय
संरक्षण स्थिति	LC

Mohd-Khalique

Grey-headed Swamphen

सामान्य नाम	जामुनी जलमुर्गी
वैज्ञानिक नाम	*Porphyrio poliocephalus*
अंग्रेजी नाम	ग्रे हेडेड स्वैम्पहेन
आकार	50 से.मी.
पहचान के लक्षण	वयस्क बैगनी नीले रंग का, सिर सिलेटी रंग, लाल चोँच होती है
आवास	जलीय वनस्पति, तालाब के किनारे की लम्बी झाड़ियाँ आदि
भोजन आदत	जलीय वनस्पति, कीट तथा घोंघे
घोंसला	जलीय वनस्पति से बने घोंसले, पानी के आस पास
प्रवास की स्थिति	स्थानीय
संरक्षण स्थिति	LC

Mohd-Khalique

Common Moorhen

सामान्य नाम	सामान्य जलमुर्गी
वैज्ञानिक नाम	*Gallinula chloropus*
अंग्रेजी नाम	कॉमन मूरहैन
आकार	35 से.मी.
पहचान के लक्षण	सिलेटी सिर, गर्दन और पेट, लाल चोंच में पीले रंग का निशान, हरे पीले पैर
